03/11/2026

आकाशवाणी ईटानगर

मुख्यमंत्री पेमा खांदू ने सियाङ अपर मल्टीपर्पज प्रोजेक्ट - SUMP को लेकर जताई जा रही चिंताओं के संबंध में पूरे सियाङ क्षेत्र के लोगों के नाम अपना विस्तृत बयान साझा किया। उन्होंने आदी समुदाय को आश्वस्त किया है कि प्रस्तावित SUMP के निर्माण को लेकर कोई भी निर्णय विस्तृत जन-परामर्श और लोगों की सहमति के बिना नहीं लिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया है कि परियोजना फिलहाल केवल पूर्व-व्यवहार्यता रिपोर्ट यानी प्री-फिजिबिलिटी रिपोर्ट - PFR के चरण में है। यह रिपोर्ट न तो अंतिम मंजूरी है और न ही बांध के निर्माण का निर्णय। मुख्यमंत्री ने सियाङ और अपर सियाङ जिलों के निवासियों तथा आदी समुदाय के सदस्यों से जनप्रतिनिधियों और सरकारी अधिकारियों के साथ संवाद करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि असहमति व्यक्त करना लोकतांत्रिक अधिकार है और प्रत्येक व्यक्ति की आवाज़ महत्त्वपूर्ण है। राज्य सरकार लोगों की बात सुनने, उनकी आशंकाओं को समझने और पारदर्शी तरीके से उनका समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने सभी से शांति और संयम बनाए रखने की भी अपील की।

इस बीच, उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने केंद्रीय मंत्रिमंडल के निर्णय के बाद सात फरवरी, 2008 को सियाङ अपर मल्टीपर्पज प्रोजेक्ट को राष्ट्रीय परियोजना घोषित किया था। यह देश की सोलह राष्ट्रीय परियोजनाओं में से एक है।

0000000000000000000000000

राजधानी क्षेत्र ईटानगर जिला मजिस्ट्रेट तोको बाबू ने आज एक आदेश जारी कर पब्लिक राइट एक्शन कमेटी - PRAC द्वारा कल सुबह पांच बजे से शाम पांच बजे तक प्रस्तावित बारह घंटे के बंद के आह्वान को अवैध और गैरकानूनी घोषित किया है। जिला मजिस्ट्रेट ने आयोजकों और सभी संबंधित लोगों को निर्देश दिया है कि वे प्रस्तावित बंद को लागू करने, इसका समर्थन करने अथवा इसमें भाग लेने से परहेज करें और बंद के आह्वान को तत्काल वापस लें। आदेश का उल्लंघन करते पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध कानून के प्रावधानों के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस बीच, PRAC ने अपनी मांगों में सियाङ अपर मल्टीपर्पस प्रोजेक्ट - SUMP मामले में हिरासत में लिए गए सभी लोगों को तुरंत और बिना शर्त रिहा करने की मांग की। इसने NH-415, पैकेज-B के तहत सड़कों का सही रखरखाव, मरम्मत और सुधार, ड्रग्स टेस्टिंग लेबोरेटरी का तुरंत निर्माण एवं संचालन, ज़रूरी दवाओं की नियमित और काफ़ी मात्रा में सप्लाई,

एम्बुलेंस सेवा की उपलब्धता एवं मृत लोगों को ले जाने के लिए गाड़ियों एवं इंधन का इंतज़ाम करने की भी मांग की।

0000000000000000000000000

वरिष्ठ राजनीतिक नेता एवं सेपा ईस्ट विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक मेपे दादा का आज ईटानगर स्थित उनके आवास पर निधन हुआ। वह पिछहत्तर वर्ष के थे। वर्ष उन्नीस सौ नवासी में वह अरुणाचल प्रदेश विधानसभा के लिए निर्वाचित हुए थे और वर्ष उन्नीस सौ नब्बे से उन्नीस सौ पंचानबे तक विधायक के रूप में अपनी सेवाएं दी। मुख्यमंत्री पेमा खांदू ने शोक व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की है।

0000000000000000000000000

तवाङ में आगामी बारह से सोलह नवम्बर तक राष्ट्रीय संस्कृति महोत्सव 2026 का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में आज उपायुक्त नामग्याल आङमो की अध्यक्षता में एक समन्वय बैठक आयोजित की गई, जिसमें पांच दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा करने के साथ ही सुचारू आयोजन को सुनिश्चित करने पर भी चर्चा की गई। बैठक में नॉर्थ ईस्ट ज़ोन कल्चरल सेंटर के निदेशक आलोबो नागा ने कार्यक्रमों और आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी दी। महोत्सव में पूर्वोत्तर के सभी आठ राज्यों के साथ-साथ

भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अधीन देश के सात अन्य क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्रों का प्रतिनिधित्व करते हुए कुल पांच सौ कलाकारों के भाग लेने की संभावना है। जिला प्रशासन सभी संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कर रहा है। इस महोत्सव से स्थानीय उद्यमियों, स्वयं सहायता समूहों, कारीगरों और स्थानीय समुदायों के लिए भी नए अवसर उपलब्ध होंगे।

0000000000000000000000000

पुलिस अधिक्षक सियाङ कामदाम सिकोम को गृह मंत्रालय, भारत सरकार के 'केंद्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक' प्राप्त हुआ। यह पदक उत्कृष्ट कार्य, उच्च व्यावसायिक मानकों को बढ़ावा देने और संबंधित अधिकारी का हौसला बढ़ाने के लिए दिया जाता है। इसकी घोषणा हर साल इक्तीस अक्टूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर की जाती है। इस साल अलग-अलग राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्सेज़, सेंट्रल पुलिस ऑर्गनाइज़ेशन्स के कुल चार सौ नब्बे कर्मचारियों को 'केंद्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक' से सम्मानित किया गया।

0000000000000000000000000

भारत की जनगणना दो हज़ार सत्ताइस के दूसरे चरण यानी Population Enumeration अभ्यास से संबंधित जनगणना अधिकारियों के लिए आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आज

लोअर सियाङ जिले के लिकाबाली स्थित डीसी कॉनफ्रेंस हॉल में संपन्न हुआ। इस अवसर पर उपायुक्त-सह-प्रधान जनगणना अधिकारी, लोअर सियाङ गोबी न्यिक्योर ने सटीकता, शुद्धता और सूक्ष्म विवरणों पर विशेष ध्यान देने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विश्वसनीय, त्रुटिरहित और व्यापक जनगणना आंकड़ों का संग्रहण एवं संकलन सुनिश्चित करने के लिए इन पहलुओं पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। प्रशिक्षण सत्रों का संचालन जनगणना संचालन निदेशालय, अरुणाचल प्रदेश और मेघालय से उप्सथित विशेषज्ञ टीम द्वारा किया गया।

0000000000000000000000000